**भारत सरकार**

**कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 966**

**उत्तर देने की तारीख 08 फरवरी, 2021**

**सोमवार, 19 माघ, 1942 (शक)**

**कौशल विकास केंद्र**

**966 श्री सुजय विखे पाटील:**
**श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल:**
**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:**
**डॉ. हिना विजयकुमार गावीत:**
**श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी:**
**श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:**
**श्री हेमन्त पाटिल:**

क्या **कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान देश में खोले गए कार्यशील कौशल विकास केंद्रों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्योरा क्या है;

(ख) इन केंद्रों द्वारा जिन लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है उनका राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्योरा क्या है;

(ग) महाराष्ट्र में उक्त केंद्रों द्वारा जिन लोगों का प्रमाणन किया गया है उनके जिले-वार आंकड़ो का ब्योरा क्या है;

(घ) जिन लोगों का प्रमाणन नहीं किया गया है उनके लिए रोजगार अवसर में वृद्धि करने के लिए किए गए प्रयासों का ब्योरा क्या है;

(ङ) क्या जिन लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है उनको सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार रोजगार प्रदान किया गया है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा रोजगार परिदृश्य में सुधार करने के लिए क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री राज कुमार सिंह)**

(क) पीएमकेवीवाई के अंतर्गत प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का प्रावधान नहीं है। पीएमकेवीवाई (2016-20) के अंतर्गत प्रशिक्षण सूचीबद्ध प्रशिक्षण केंद्रों (टीसी) में प्रदान किया जा रहा है। 19.01.2021 की स्थिति के अनुसार देशभर में 15,124 प्रशिक्षण केंद्र सूचीबद्ध किए गए हैं और वर्तमान में 1,595 प्रशिक्षण केंद्र प्रचालनरत हैं। प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके) सहित सूचीबद्ध और प्रचालनरत प्रशिक्षण केंद्रों की राज्यवार संख्या **अनुबंध-I के कॉलम (क)** में दी गई है।

(ग) महाराष्ट्र राज्य में प्रमाणित उम्मीदवारों का जिले-वार ब्योरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ख), (घ) और (ङ.) पीएमकेवीवाई (2016-20) के नियोजन संबद्ध अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) घटक के अंतर्गत 19.01.2021 की स्थिति के अनुसार 36.04 लाख उम्मीदवारों को प्रमाणित किया गया है जिनमें से 18.95 लाख उम्मीदवारों को नियोजित किया गया है। पीएमकेवीवाई (2016-20) के अंतर्गत नियोजित उम्मीदवारों की राज्यवार संख्या **अनुबंध-I के कॉलम (ख)** में दी गई है।

पीएमकेवीवाई 2.0 (2016-20) के अंतर्गत सफलतापूर्वक प्रमाणित उम्मीदवारों को नियोजन अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। आकलन में अनुत्तीर्ण होने वाले या अनुपस्थित रहने वाले उम्मीदवारों का एक-बारगी पुन: आकलन किए जाने का प्रावधान है।

इसके अलावा, पीएमकेवीवाई के अंतर्गत प्रमाणित उम्मीदवारों के नियोजन में वृद्धि करने के लिए विभिन्न पहलें की गई हैं जैसे कि क्षेत्र कौशल परिषदों के सहयोग से रोजगार मेलों का आयोजन; प्रशिक्षण केंद्रों (टीसी) को नियोजन संबद्ध अंतिम किस्त जारी करना; उम्मीदवारों की उद्योग संबद्धता और नियोजन के लिए प्रशिक्षण केंद्रों/प्रशिक्षण प्रदाताओं (टीपी) में समर्पित परामर्श सह-नियोजन प्रकोष्ठ की आवश्यकता; यदि किसी प्रशिक्षार्थी को 12 महीनों के लिए रोजगार में रखा जाता है तो टीसी को प्रति प्रशिक्षार्थी 300 रुपए की दर से प्रोत्साहन; विशेष क्षेत्रों/विशेष समूहों के लिए प्रति प्रशिक्षार्थी प्रतिमाह 1500 रुपए की नियोजन पश्चात सहायता; प्रति उम्मीदवार अधिकतम 4500 रुपए तक की एक-बारगी नियोजन यात्रा लागत; नियोजक-नीत प्रशिक्षण मॉडल का कार्यान्वयन; नियोजन निष्पादन के आधार पर टीसी को लक्ष्य का पुन: आवंटन, आदि।

**अनुबंध-I**

**19.01.2021 की स्थिति के अनुसार, पीएमकेवीवाई 2.0 के अंतर्गत प्रधानमंत्री कौशल केंद्रों सहित सूचीबद्ध और प्रचालनरत टीसी तथा नियोजित उम्मीदवारों की राज्य-वार संख्या नीचे दी गई है:**

| क्र.सं. | राज्य | कुल सूचीबद्ध टीसी | प्रचालनरत टीसी | नियोजित उम्मीदवार |
|---|---|---|---|---|
| | | (क) | | (ख) |
| 1. | अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 12 | 4 | 124 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 530 | 46 | 82,213 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 103 | 30 | 4,390 |
| 4. | असम | 396 | 103 | 41,238 |
| 5. | बिहार | 485 | 77 | 91,237 |
| 6. | चंडीगढ़ | 55 | 6 | 4,868 |
| 7. | छत्तीसगढ़ | 172 | 1 | 25,064 |
| 8. | दिल्ली | 383 | 45 | 66,391 |
| 9. | गोवा | 25 | 3 | 835 |
| 10. | गुजरात | 423 | 55 | 59,405 |
| 11. | हरियाणा | 1,080 | 59 | 1,43,439 |
| 12. | हिमाचल प्रदेश | 323 | 18 | 21,498 |
| 13. | जम्मू और कश्मीर | 378 | 32 | 48,050 |
| 14. | झारखंड | 224 | 18 | 24,151 |
| 15. | कर्नाटक | 279 | 29 | 51,620 |
| 16. | केरल | 328 | 99 | 20,229 |
| 17. | लद्दाख | 8 | 0 | 943 |
| 18. | लक्षद्वीप | 1 | 0 | 0 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 1,116 | 108 | 1,77,086 |
| 20. | महाराष्ट्र | 889 | 180 | 57,985 |
| 21. | मणिपुर | 131 | 30 | 11,017 |
| 22. | मेघालय | 77 | 30 | 5,928 |
| 23. | मिजोरम | 78 | 5 | 6,704 |
| 24. | नागालैंड | 72 | 31 | 4,199 |
| 25. | ओडिशा | 391 | 24 | 54,125 |
| 26. | पुडुचेरी | 50 | 12 | 8,177 |
| 27. | पंजाब | 811 | 98 | 98,340 |
| 28. | राजस्थान | 1,406 | 66 | 1,51,113 |
| 29. | सिक्किम | 35 | 3 | 1,719 |
| 30. | तमिलनाडु | 1,081 | 30 | 1,19,874 |
| 31. | तेलंगाना | 485 | 29 | 83,526 |
| 32. | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 18 | 0 | 2,378 |
| 33. | त्रिपुरा | 174 | 25 | 9,111 |
| 34. | उत्तर प्रदेश | 2,265 | 190 | 2,83,205 |
| 35. | उत्तराखंड | 377 | 16 | 41,617 |
| 36. | पश्चिम बंगाल | 463 | 93 | 93,408 |
| **कुल** | | **15,124** | **1,595** | **18,95,207** |

**अनुबंध-II**

**पीएमकेवीवाई 2.0 (2016-20) के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य में प्रमाणित उम्मीदवारों का जिले-वार ब्योरा नीचे दिया गया है:**

| क्र.सं. | जिले | अल्पावधि प्रशिक्षण | | पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) प्रमाणित | कुल प्रमाणित |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सूचीबद्ध टीसी | प्रमाणित | | |
| 1. | अहमदनगर | 64 | 8,061 | 19,469 | 27,530 |
| 2. | अकोला | 13 | 1,990 | 2,412 | 4,402 |
| 3. | अमरावती | 20 | 4,660 | 2,181 | 6,841 |
| 4. | औरंगाबाद | 32 | 3,752 | 15,090 | 18,842 |
| 5. | बीड | 25 | 4,146 | 8,038 | 12,184 |
| 6. | भंडारा | 17 | 4,094 | 1,871 | 5,965 |
| 7. | बुलढाणा | 17 | 2,706 | 2,139 | 4,845 |
| 8. | चंद्रपुर | 20 | 3,250 | 8,882 | 12,132 |
| 9. | धुले | 14 | 2,584 | 8,252 | 10,836 |
| 10. | गढ़चिरोली | 17 | 4,343 | 2,478 | 6,821 |
| 11. | गोंदिया | 26 | 6,740 | 2,876 | 9,616 |
| 12. | हिंगोली | 10 | 1,210 | 11,606 | 12,816 |
| 13. | जलगाँव | 26 | 4,724 | 24,221 | 28,945 |
| 14. | जालना | 11 | 2,155 | 12,736 | 14,891 |
| 15. | कोल्हापुर | 42 | 7,713 | 38,500 | 46,213 |
| 16. | लातूर | 35 | 9,262 | 22,964 | 32,226 |
| 17. | मुंबई | 36 | 2,777 | 1,18,119 | 1,20,896 |
| 18. | मुंबई उपनगर | 6 | 331 | 2,186 | 2,517 |
| 19. | नागपुर | 80 | 12,635 | 21,573 | 34,208 |
| 20. | नांदेड़ | 29 | 4,052 | 13,740 | 17,792 |
| 21. | नंदुरबार | 9 | 2,613 | 7,311 | 9,924 |
| 22. | नासिक | 47 | 7,475 | 45,035 | 52,510 |
| 23. | उस्मानाबाद | 15 | 4,266 | 8,869 | 13,135 |
| 24. | पालघर | 3 | 444 | 223 | 667 |
| 25. | परभणी | 19 | 1,496 | 9,208 | 10,704 |
| 26. | पुणे | 114 | 18,500 | 95,943 | 1,14,443 |
| 27. | रायगढ़ | 14 | 1,390 | 5,048 | 6,438 |
| 28. | रत्नागिरी | 4 | 438 | 5,469 | 5,907 |
| 29. | सांगली | 13 | 2,974 | 13,294 | 16,268 |
| 30. | सतारा | 11 | 1,773 | 12,801 | 14,574 |
| 31. | सिंधुदुर्ग | 11 | 684 | 4,783 | 5,467 |
| 32. | सोलापुर | 15 | 1,795 | 19,865 | 21,660 |
| 33. | ठाणे | 32 | 4,301 | 14,786 | 19,087 |
| 34. | वर्धा | 10 | 2,283 | 6,991 | 9,274 |
| 35. | वाशिम | 3 | 1,389 | 270 | 1,659 |
| 36. | यवतमाल | 29 | 3,384 | 1,403 | 4,787 |
| **कुल** | | **889** | **1,46,390** | **5,90,632** | **7,37,022** |

*******